श्री कुमार सर्वजीत, माननीय स० वि० स० से प्राप्त निवेदन सं०–99/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| गयाजी जिला के मोहनपुर प्रखंड में निताने पईन अवस्थित है। इसके आरम्भिक छोर से लेकर ग्राम लक्ष्मीपुर तक जीर्णोद्धार कार्य जल संसाधन विभाग के द्वारा तीन वर्ष पूर्व ही कराया गया है। बाकी शेष भाग जिससे बोधगया प्रखंड के ग्राम पंचायत गाफा के लगभग दस गांवों के 5000 एकड़ भूमि की सिंचाई होती है, का जीर्णोद्धार नही हो सका है इससे उक्त क्षेत्र के किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।<br>अतः मैं उपरोक्त पईन के जीर्णोद्धार हेतु सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि :—<br>गया जिलान्तर्गत प्रखंड मोहनपुर अंतर्गत लंगूरा कला के समीप निताने नदी से निताने पईन नही वस्तुतः निताने मुख्य नहर निःसृत है, जिसकी कुल लंबाई 14.40 कि० मी०, तथा कमाण्ड क्षेत्र 1600 हेक्टेयर है।<br>उक्त नहर का जीर्णोद्धार कार्य वित्तीय वर्ष 2022—23 में कराया गया था। इस योजना के कार्यान्वयन से नहर के अंतिम छोर (लक्ष्मीपुर ग्राम) तक रूपांकित क्षमता के अनुसार जलश्राव प्रवाहित होता है।<br>लक्ष्मीपुर गाँव के दूसर छोर से एक पईन निकलती है, जो ग्राम पंचायत गाफा की ओर जाती है।।<br>प्रश्नगत् पईन में जलश्राव उपलब्ध कराने के लिए पूर्व से निर्मित निताने सिंचाई योजना के रूपांकण एवं आलेख्य में बदलाव की आवश्यकता होगी, जिसमें वीयर के क्रेस्ट की ऊँचाई में बढ़ोत्तरी, हेडरेगुलेटर का नया निर्माण तथा मुख्य नहर का चोड़ीकरण किया जाना होगा। साथ ही नहर का चौड़ीकरण हेतु भूमि अधिग्रहण भी किया जाना होगा, जो कि तकनीकी रूप से सम्भाव्य नहीं है। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–15 / 2026 पटना / दिनांक ..............................................

प्रतिलिपि :– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को निवेदन सं0–99 / 2026 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–15 / 2026 पटना / दिनांक :..........................................

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–15 / 2026 पटना / दिनांक :..........................................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–15 / 2026 ५०१४ पटना / दिनांक :..15.7.26..........

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/7/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव